दिनांक 28 फरवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल चौक तक के सड़क का डामरीकरण प्रारंभ, महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर शुरू कराया काम

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल तक के सड़क का डामरीकरण कार्य किया जाएगा। आज महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ कराया। इस दौरान निगम आयुक्त रोहित व्यास, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, स्थानीय पार्षद चंदेश्वरी बांधे, पार्षद योगेश साहू एवं हरिओम तिवारी भी मौजूद रहे। नेहरू नगर चौक से लेकर केपीएस चौक तक तथा केपीएस चौक से लेकर सूर्या मॉल चौक तक 2 फेस में डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। महापौर ने जैसे ही भूमि पूजन किया वैसे ही डामरीकरण का कार्य शीघ्रता से प्रारंभ हो गया। डामरीकरण के लिए विभिन्न संसाधनों के साथ एजेंसी काम कर रही है। सड़क के दोनों तरफ का डामरीकरण होगा। नेहरू नगर चौक से केपीएस चौक तक के सड़क के लिए 78.76 लाख तथा केपीएस चौक से सूर्या मॉल चौक तक के लिए 76.46 लाख की लागत से बीटी रोड रिनुअल का काम किया जाएगा। भिलाई निगम क्षेत्र में सड़कों को दुरुस्त करने के लिए डामरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल जाने वाली रोड में प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है, एक प्रकार से यह सड़क व्यस्ततम मार्गो में से एक है, नेशनल हाईवे से लगी हुई यह सड़क नेहरू नगर होते हुए जुनवानी तथा अवंती बाई चौक जाने वाले सड़कों को जोड़ती है। सड़क के डामरीकरण हो जाने से दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हो जाएंगी, बारिश के दिनों में भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सड़कों के दुरुस्ती करण की दिशा में भिलाई निगम तेजी से कार्य कर रहा है। भिलाई की कई प्रमुख सड़कें दुरुस्त की जा चुकी है, जहां आसानी से लोग आवागमन कर पा रहे हैं, वही गड्ढों से भी लोगों को निजात मिल रहा है। भूमि पूजन के दौरान जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक अभियंता आलोक पसीने तथा उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौजूद रहे।